04
आज समाज
नई दिल्ली, बुधवार, 12 अक्टूबर 2022

## खबर एक्सप्रेस

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया




**बल्लभगढ़।** महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने प्रयासों की सराहना की और इस दिन को मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करना न केवल एक बुनियादी मानव अधिकार है, बल्कि अन्य सभी विकास क्षेत्रों में भी इसका कई गुना प्रभाव पड़ता है। उन्होंने महिलाओं को कहा और उन्हें अपनी आंतरिक क्षमताओं को पहचानने के लिए प्रोत्साहित किया। शुरूआत में डॉ. गीता गुप्ता प्रभारी महिला प्रकोष्ठ ने इस दिवस को मनाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जेंडर रूढ़िवादिता और जेंडर बाइनरी को खत्म करने पर जोर दिया। उन्होंने समाज की मानसिकता को बदलने पर जोर दिया ताकि लड़कियां सुरक्षित, शिक्षित और स्वस्थ जीवन जी सकें। इस अवसर पर प्रो. एसके चक्रवर्ती, कमल टंडन, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. मनोज शुक्ला और वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित थे। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ समाज में जागरूकता फैलाने के लिए अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।